# कार्यालय प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसायटी, फिरोजाबाद (उ0प्र0)

नोटिस संख्या–एफजेडडी/2019/1469 दिनांक– 06 मार्च, 2019

## विज्ञप्ति

**स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसायटी, फिरोजाबाद में संविदा के आधार पर आचार्य, सह–आचार्य तथा सहायक आचार्य के पदों पर सेवायोजन हेतु**

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसायटी, फिरोजाबाद में विभिन्न विशिष्टताओं में रिक्त आचार्य, सह–आचार्य तथा सहायक आचार्य के पदों पर संविदा के आधार पर वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) के माध्यम से प्रधानाचार्य, **स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसायटी, फिरोजाबाद** की संस्तुति के आधार पर शासन/महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के स्तर से संविदा पर नियुक्त हेतु चयन किये जाने की कार्यवाही **प्रत्येक कार्य दिवस में प्रधानाचार्य कार्यालय, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा के कमेटी हाल में समय प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे** के मध्य की जायेगी। विस्तृत जानकारी एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा की बेवसाइट **www.snmcagra.ac.in** पर दिनांक–09 मार्च 2019 से देखी जा सकती है।

प्रधानाचार्य,
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
सोसायटी, फिरोजाबाद।

कार्यालय प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसायटी, फिरोजाबाद (उ0प्र0)
ई–मेल:- deansnmc@yahoo.in/gmcfirozabad@gmail.com
बेवसाइट:- www.snmcagra.ac.in
फोन नंम्बर:- 0562- 2260353
फैक्स नंम्बर: 0562- 2260965

नोटिस संख्या–एफजेडडी/2019/ 146-68

दिनांक– 06 मार्च, 2019

# विज्ञप्ति

## संविदा के आधार पर आचार्य, सह–आचार्य तथा सहायक आचार्य के पदों पर सेवायोजन हेतु

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसायटी, फिरोजाबाद के निम्नलिखित विभागों में आचार्य/सह–आचार्य/सहायक आचार्य के अस्थाई पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र एतद् द्वारा आमंत्रित किये जाते हैं। इन पदों पर पर वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) पद्धति से कालेज स्तर से संस्तुति के आधार पर शासन/महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के स्तर से चयन किया जाना है। संविदा पदों पर अन्तिम चयन की प्रकिया शासन/महानिदेशालय के द्वारा की जानी है।

इच्छुक अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह साक्षात्कार के समय अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से **प्रत्येक कार्य दिवस में प्रधानाचार्य कार्यालय, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा के कमेटी हॉल में समय प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे** के मध्य उपस्थित हों।

रिक्त पदों की संख्या नीचे तालिका में दर्शायी जा रही है। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वह साक्षात्कार दिवस को अपने समस्त शैक्षिक/जाति/अनुभव प्रमाण पत्रों/शोध पत्रों की (स्व–प्रमाणित) छायाप्रतियों के दो सेट बायोडाटा सहित लायेगें।

**स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसायटी, फिरोजाबाद में संविदा पर चयन हेतु चिकित्सा शिक्षकों के रिक्त पदों की स्थिति**

| क.सं. | विशिष्टता का नाम | आचार्य | सह–आचार्य | सहायक आचार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जनरल मेडिसिन | 1 | 1 | – |
| 2. | जनरल सर्जरी | – | 1 | 1 |
| 3. | एनेस्थेसिया | – | 1 | – |
| 4. | रेडियोडायग्नोसिस | – | 1 | 1 |
| 5. | ब्लड बैंक | 1 | – | – |
| | योग– | 02 | 04 | 02 |

**उक्त पदों पर नियमानुसार आरक्षण लागू होगा संविदा पर नियुक्ति की शर्तें निम्नवत् है:–**

1. संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले आचार्यो का नियम वेतन रू0 90,000/– सह–आचार्यो का नियत वेतन रू0 80,000/– तथा सहायक आचार्य का नियत वेतन रू0 60,000/– प्रतिमाह है। इस हेतु आवेदक को Medical Council of India, Minimum. Qualification for teacher in Medical Institutions Regulations, 1998 यथा संशोधित द्वारा निर्धारित शैक्षिक अर्हतायें एवं अनुभव पूर्ण करना आवश्यक है।
2. चिकित्सा शिक्षकों के पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु 70 वर्ष से कम आयु सीमा के अभ्यर्थी अभ्यर्थन कर सकते है।
3. सामान्य सर्जरी की विशिष्टता में विज्ञापित सहायक आचार्य का पद अन्य पिछडा वर्ग से अच्छादित है।
4. संविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते समय समय पर राज्य सरकार द्वारा जारी शासनादेशों एवं नियमों के अनुसार अनुमन्य होगी।

**नोट– साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।**

प्रधानाचार्य,
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसायटी,
फिरोजाबाद

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
3. प्रभारी अधिकारी, एम0सी0आई0, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसायटी, फिरोजाबाद।
4. प्रभारी अधिकारी, वेबसाइट, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को कालेज की बेवसाइट पर तत्काल प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

प्रधानाचार्य,
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसायटी,
फिरोजाबाद